संख्या-120/2025/319 के-2/22-3-2024-17(446)/2020

प्रेषक,

शिव गोपाल सिंह,
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक 16 अप्रैल, 2025

विषयः- केन्द्रीय कारागार वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी जयप्रकाश मिश्रा पुत्र श्री आशाराम मिश्रा, निवासी जनपद-वाराणसी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्र संख्या-10533/प्रोवेशन-3/फार्म-ए/(एम-05.04.2024) दिनांक-16.04.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी जयप्रकाश मिश्रा पुत्र श्री आशाराम मिश्रा, जो-ग्राम बहेड़वा, थाना-मिर्जामुराद, जनपद-वाराणसी का निवासी है। जमीन के मुकदमें की रंजिश को लेकर दिनांक 08.01.1999 को बंदी ने अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर कट्टे से गोली मारकर जितेन्द्र नाथ मिश्र नामक व्यक्ति की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-384/1999 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302/34, 506 में मा० अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं0-03 वाराणसी के आदेश दिनांक 13.07.2007 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी की अपील निर्णीत करते हुए मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश दिनांक 01.02.2010 द्वारा उक्त सजा को यथावत रखा गया।

बन्दी द्वारा दिनांक 04.12.2023 तक 14 वर्ष, 01 माह, 02 दिन की अपरिहार सजा तथा 17 वर्ष, 03 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है एवं जेल रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 04.12.2023 को बन्दी की आयु 48 वर्ष, 04 माह, 18 दिन है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहायक पुलिस आयुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट वाराणसी द्वारा मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने की संभावना होने, पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, बन्दी को जेल में और आगे निरूद्ध करने का सार्थक प्रयोजन होने, बन्दी के परिवार की सामाजिक-आर्थिक दशा बन्दी की समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने की आख्या अंकित करते हुये बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहायक पुलिस आयुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी जयप्रकाश मिश्रा पुत्र श्री आशाराम मिश्रा को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय कारागार वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी जयप्रकाश मिश्रा पुत्र श्री आशाराम मिश्रा (बन्दी संख्या-57/2020), निवासी-जनपद-वाराणसी को फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार बंदी के फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-120/2025/319 के-2/22-3-2024-17(446)/2020 तद्दिनांक

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी को सूचनार्थ

2- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी को सूचनार्थ।

3- जिला मजिस्ट्रेट, वाराणसी ।

4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार वाराणसी।

5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रिमि0) संख्या-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन (क्रिमि0) संख्या-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में दिनांक 10.09.2024 को पारित आदेशों के सन्दर्भ में।

6- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।

7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

अनीस अख्तर अंसारी

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या- 120/2025/319 के-2/22-3-2024-17(446)/2020

दिनांक- 16 अप्रैल, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

कि केन्द्रीय कारागार वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी जयप्रकाश मिश्रा पुत्र श्री आशाराम मिश्रा, जो- ग्राम बहेड़वा, थाना- मिर्जामुराद, जनपद-वाराणसी का निवासी है। जमीन के मुकदमें की रंजिश को लेकर दिनांक 08.01.1999 को बंदी ने अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर कट्टे से गोली मारकर जितेन्द्र नाथ मिश्र नामक व्यक्ति की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-384/1999 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302/34, 506 में मा० अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं0-03 वाराणसी के आदेश दिनांक 13.07.2007 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी की अपील निर्णीत करते हुए मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश दिनांक 01.02.2010 द्वारा उक्त सजा को यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 04.12.2023 तक 14 वर्ष, 01 माह, 02 दिन की अपरिहार सजा तथा 17 वर्ष, 03 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है एवं जेल रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 04.12.2023 को बन्दी की आयु 48 वर्ष, 04 माह, 18 दिन है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहायक पुलिस आयुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट वाराणसी द्वारा मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने की संभावना होने, पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, बन्दी को जेल में और आगे निरूद्ध करने का सार्थक प्रयोजन होने, बन्दी के परिवार की सामाजिक-आर्थिक दशा बन्दी की समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने की आख्या अंकित करते हुये बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहायक पुलिस आयुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी जयप्रकाश मिश्रा पुत्र श्री आशाराम मिश्रा को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।